झारखण्ड सरकार

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग

—:आदेश:—

राँची, दिनांकः—...................2025 ई0।

सं0सं0ः—07 / वरीयता—20—01 / 2004(खण्ड) / का0.................. / माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर वाद W.P.(S) No.-5194/2019—संजय कुमार बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य वाद में पारित आदेश एवं विभागीय पत्रांक—6160, दिनांक—23.09.2024 द्वारा लिये गए निर्णय के आलोक में विभागीय पत्रांक—469, दिनांक—28.01.2025 द्वारा झारखण्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के पदधारकों की वरीयता सूची, 2025 का प्रकाशन किया गया है। उक्त के क्रम में विभागीय पत्रांक—3391, दिनांक—10.06.2025 द्वारा संबंधित पदधारकों से प्रस्तावित पदावनति के विरूद्ध पक्ष समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

2. माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर वाद W.P.(S) No.-2998/2025—रणजीत कुमार बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा उक्त के साथ संलग्न I.A No.-7379/2025 में दिनांक—24.06.2025 को पारित आदेश में विभागीय पत्रांक—469, दिनांक—28.01.2025 द्वारा प्रकाशित झारखण्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के पदधारकों की वरीयता सूची, 2025 के संचालन, कार्यान्वयन एवं निष्पादन पर रोक लगाया गया है।

W.P.(S) No.-2998/2025—रणजीत कुमार बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा उक्त के साथ संलग्न I.A No.-7379/2025 में दिनांक—24.06.2025 को पारित आदेश का कार्यकारी अंश निम्नवत् है :—

"4. However, during pendency of the instant writ application, the operation, implementation and execution of the order No. 469 dated 28.01.2025 (Annexure-29) shall remain stayed till the next date of hearing.

5. Consequently, the show-cause notice issued vide memo No. 3391 dated 10.06.2025 shall also be kept in abeyance.

6. I.A. No. 7379 of 2025 stands disposed of."

3. माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में विभागीय पत्रांक—469, दिनांक—28.01.2025 द्वारा प्रकाशित झारखण्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के पदधारकों की वरीयता सूची, 2025 के संचालन, कार्यान्वयन एवं निष्पादन पर अगले आदेश तक रोक लगायी जाती है। उक्त के फलस्वरूप विभागीय पत्रांक—3391, दिनांक—10.06.2025 को स्थगित किया जाता है।

ह0 / —

(ब्रज माधव)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक—07 / वरीयता—20—01 / 2004(खण्ड)का0.....4298/ राँची, दिनांक—....21/07/ / 2025ई0

प्रतिलिपिः—नोडल पदाधिकारी, PMU कोषांग, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को विभागीय वेबसाईट (www.dopjharkhand.gov.in) पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/7/25

सरकार के उप सचिव।